# सिलावट समाज ने होनहार विद्यार्थियों का सम्मान किया



जालोर में सिलावट समाज ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त प्रतिभाओं का सम्मान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के सिलावटों का मोहल्ला किले की घाटी स्थित सिलावटान मदरसा में सिलावट समाज के बच्चों की ओर से दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने पर समाज की ओर से रविवार प्रात 9.30 बजे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर ने बताया कि सिलावट समाज धीरे-धीरे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ रहा है। पत्थर पर कलाकृति करने वाले इस समाज में शिक्षा के प्रति जागृति आई है।सीनियर बोर्ड कला, वाणिज्य, विज्ञान वर्ग में समाज की बेटियों ने 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्त कर समाज का मान बढाया है। वहीं 10वीं बोर्ड परीक्षा में भी समाज के बालक बालिकाओं ने उत्कृष्ट अंक अर्जित कर समाज को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में अतिथि समाजसेवी व भामाशाह रहमान खान सिलावट, समाज के वरिष्ठ वयोवृद्ध सेवानिवृत्त व्याख्याता आबाद अली, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वीराना के प्रधानाचार्य फिरोज खान हब्शी, सिलावट समाज के पेश इमाम सलीम मुस्तफाई थे। कार्यक्रम का आगाज पेश इमाम द्वारा तिलावत ए कुरान से किया। सेवानिवृत्त व्याख्याता आबाद अली ने बच्चों को अधिकाधिक शिक्षित होकर उच्च पदों पर आसीन होने की नसीहत दी तथा उन्होंने हर संभव सहयोग का भी भरोसा दिलाया। वहीं प्रधानाचार्य फिरोज खान ने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने पर प्रकाश डाला। पूर्व पार्षद अयूब शेख ने भी बच्चों को शिक्षित होने की बात कही।

अंत में समाजसेवी रहमान खान ने शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा बच्चों की हौसला अफजाई करने में सहयोग का भरोसा दिलाया। सिलावट समाज से दसवीं बोर्ड में फरहा पुत्री तालिब हुसैन 75.33 प्रतिशत तरन्नुम पुत्री सलीम खान 73.33 प्रतिशत, फरहान अख्तर पुत्र रफीक खान 73.13 प्रतिशत, मेहराज पुत्र मजीद खान 70.83 प्रतिशत, गुलफाम पुत्र आरिफ खान 68.50 प्रतिशत ,समीर खान पुत्र अशरफ खान 65 प्रतिशत ,तोशिक रजा पुत्र उजीर खान 62.83 प्रतिशत सलोनी पुत्री हबीब रहमान 62.83 प्रतिशत अहवान अली पुत्र एजाज अली 62.33 प्रतिशत, सूफी रजा पुत्री शाहनवाज खान 56 प्रतिशत, हुमेरा अक्सा पुत्री इमरान खान 55 प्रतिशत, तौसीफ खान पुत्र इमरान खान , अयान हसन पुत्र अल्ताफ हुसैन , दिलसान पुत्र हसन खान 60 प्रतिशत, साजना पुत्री निसार खान अंक प्राप्त करने पर सिलावट समाज द्वारा इनका माला साफा पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

इसके साथ में सीनियर सेकेंडरी परीक्षा में तौसीफ रजा पुत्र सलीम खान 75.20 प्रतिशत अंक लाने पर इनका भी सम्मान किया गया। सम्मान कार्यक्रम की सभी ने सराहना की।

इस अवसर पर छोटू खान , लियाकत अली, अयूब शेख, मुश्ताक खान, जानशेर खान, अरमान खान,वाजिद अली, असलम खा डी,इंसाफ अली, सिराजुद्दीन खान, आबाद अली,रशीद खान,हिदायत खान जाकिर खान, रुबाब खान, रफीक खान, साबिर खान,साबिर सागर ,मोहम्मद इफ्तिकार, एजाज अली ,शहजाद एस के, इकबाल खान, शाकिर खान सलीम खान, हिदायतुल्लाह खान,मुस्ताक खान जलाल खान, रफीक खान एच आदि उपस्थित थे।

## बिजली व पेयजल संकट को लेकर प्रदर्शन कल

**बाड़मेर**, (कासं)। बाडमेर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही अघोषित बिजली कटौती, गंभीर पेयजल संकट तथा प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध बाडमेर विकास संघर्ष समिति के तत्वावधान में कल सोमवार को प्रात: 10 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर के सामने धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं युवा नेता आजाद सिंह राठौड़ ने बताया कि बाडमेर जिला इन दिनों बिजली और पानी की समस्याओं से जूझ रहा है। शहरी हो या ग्रामीण क्षेत्र, हर जगह जनता परेशान है, किंतु प्रशासन एवं विभागीय अधिकारी आँखें मूँदे बैठे हैं। जनता की पीडा और जनहित के इन मुद्दों पर बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोई सार्थक कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन की निरंकुशता व हठधर्मिता के चलते क्षेत्रवासियों ने अब धरना-प्रदर्शन का रुख किया है। उन्होंने बिजली क्षेत्र में मांग की है कि आरडीएसएस की योजना का तकनीकी, भौतिक सत्यापन किया जाएं और जो काम अधूरे पडे हैं उनका पूरा विवरण जारी हो व शेष बचे काम कब तक पूरे होंगे , यह सार्वजनिक किया जाए। बाड़मेर विकास संघर्ष समिति के संयोजक मुलतान सिंह महाबार ने कहा कि लगातार हो रही बिजली कटौती के चलते आमजन भीषण गर्मी में त्रस्त है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की विकराल समस्या है, मवेशियों की प्यास से मृत्यु तक हो रही है।

# जीवाणा में एन.एस.यू.आई. के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत



जीवाणा में एन.एस.यू.आई. के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर के निकट जीवाणा के भारत माला सर्किल पर रविवार को सुष्मिता गर्ग के नेतत्व में कार्यकर्ताओं ने एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी का स्वागत किया।

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के जालौर आगमन पर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। भारत माला सर्कल, जीवाणा में आयोजित स्वागत समारोह का नेतृत्व सुष्मिता गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूर्व महासचिव सद्दाम राजड, मंडल अध्यक्ष अयूब खान, महबूब, उप सरपंच प्रकाश मेघवाल, सद्दाम हुसैन (राजड), महेंद्र मेघवाल, विकास पटेल, विक्रम सिंह, गगन चौधरी, सुजानाराम, राजेंद्र दवे तथा फारूक जालोरी विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने वरुण चौधरी का पुष्पमालाओं व नारों के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान चौधरी ने संगठन को मजबूत करने और युवाओं को सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती, युवाओं को संगठित करना एवं आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तय करने पर चर्चा हुई।

# आमजन को दिया तम्बाकू मुक्ति का सदेश दिया

**पाली**, (नि.सं.)। जिला प्रशासन तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के लोगों को विशेषरूप से युवाओं को तम्बाकू सेवन से होने वाले गम्भीर दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य हर वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है । इसी क्रम में शनिवार को विश्व तम्बाकू निषेध के अवसर पर चिकित्सा विभाग एवं नारायणा हॉस्पिटल,अहमदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय पर विशाल जनजागरण रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि शनिवार को प्रात: 9 बजे राजकीय बांगड़ चिकित्सालय के मुख्य प्रवेश द्वार से एक विशाल जन जागरण रैली का आयोजन किया गया, रैली में समस्त ए.एन.एम. प्रशिक्षणार्थी, समस्त जी.एन.एम. प्रशिक्षणार्थी, समस्त बी.एस.सी. नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी, पाली शहर की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनियों ने भाग लिया। रैली को बांगड़ चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. एच.एम. चौघरी, कान नाक गला विभाग के प्रभारी डॉ. गौरव कटारिया, नारायणा हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. हेमन्त भटनागर तथा ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य के.सी. सैनी ने हरी झंडियां दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर बांगड़ चिकित्सालय स्थित ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र पर आकर विसर्जित हुई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि इसी अवसर पर पाली जिले में अलग अलग स्तरों पर विभिन्न जागरूकता गतिविधयां आयोजित की गई हैं। इसी श्रृंखला में शनिवार को ही प्रात: साढे दस बजे से बांगड़ चिकित्सालय के ऑडटोरियम में एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया,जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों को तम्बाकू के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। संगोष्ठी के दौरान कैंसर से ठीक हुये मरीजों तथा जिन लोगों ने तम्बाकू से मुक्ति पाई है, उनके अनुभव भी साझा करवाये गये तथा उन्होंने बताया कि तम्बाकू सेवन बहुत ही घातक है, इससे पूरा परिवार तबाह होता है। तम्बाकू से दूर रहने में ही समझदारी है।

तम्बाकू मुक्ति केन्द्र के सायकॉलोजिस्ट एवं ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य के.सी. सैनी ने बताया कि बांगड़ चिकत्सिालय के ऑडिटोरियम में आयोजित संगोष्ठी में बांगड़ चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. एच.एम. चौधरी, सी.एम.एच.ओ. डॉ. विकास मारवाल, बांगड़ चिकित्सालय के कान नाक गला विभाग के प्रमुख डॉ. गौरव कटारिया, नारायणा हॉस्पिटल के सर्जिकल ऑन्कॉलोजिस्ट डॉ. रौनक व्यास, मैडिकल ऑन्कॉलोजिस्ट डॉ.रूषभ कोठारी ,नर्सिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य जे.एल. पालीवाल, समाजसेवी डॉ. के.एम. शर्मा ने सभी सहभागियों को विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान विशेषज्ञों ने इस वर्ष की विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की थीम " अपील का पर्दाफाश: तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति का पर्दाफाश " पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा बताया कि तम्बाकू उद्योग के लोग तम्बाकू उत्पादों के साथ भ्रामक जानकारी देकर उन्हें गुमराह कर रहे हैं ,जिसका पर्दाफाश होना अब बहुत ही आवश्यक हो गया है। संगोष्ठी के अंत में सभी सहभागियों को तम्बाकु मुक्ति की शपथ भी दिलवाई गई। संगोष्ठी के समापन पर नारायणा हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. हेमन्त भटनागर ने चिकित्सा विभाग एवं सभी स्वास्थ्यकर्मियों को आभार प्रकट किया तथा चिकित्सा विभाग ,पाली के साथ पूरे साल आयोजित होने वाले विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में भी सहयोग करने की जिम्मेदारी का आहान किया।

## श्रद्धांजलि दी

**पाली**,(नि.सं.)। पाली में ओलंपिक संघ ने नजर मोहम्मद उर्फ चिड़िया बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला ओलंपिक संघ के सचिव राजेश पाटनेचा ने बताया कि पाली जिले के बास्केटबॉल के सीनियर खिलाड़ी पाली जिले के गुरु द्रोणाचार्य नजर मोहम्मद उर्फ चिड़िया बाबू के आकस्मिक निधन पर उनके निवास स्थान पर जाकर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महिपाल सिंह निंबाड़ा ने कहा कि नजर मोहम्मद जी हमारे दिलों में हमेशा रहेंगे।

## ओलम्पिक दिवस 30 को मनाएंगे

**जालोर**, (कासं)। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस को जिलेभर में सफलतापूर्वक आयोजित करवाने के लिए जालोर जिला ओलम्पिक संघ कि वार्षिक साधारण सभा की बैठक का आयोजन रविवार को कृष्णा महल भीनमाल में किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जालोर जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष प्रकाश बिश्नोई ने बताया की भारतीय ओलंपिक संघ की ओर से जारी परिपत्र के अनुसार जालोर जिला ओलंपिक संघ की और से 23 जून को अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस को जिले भर में उत्सव के रूप में मनाया जाएगा । इस वर्ष का विषय चलें, सीखें,खोजें -एक बेहतर दुनिया के लिए एक साथ ओलम्पिक दिवस आधुनिक ओलम्पिक आंदोलन की स्थापना का एक वैश्विक उत्सव है और ओलम्पिक मूल्यों शारीरिक गतिविधि और सामुदायिक भागीदारी को बढावा देने का एक उत्कृष्ट अवसर है।

जालोर जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव लाल सिंह सांखला ने जानकारी देकर बताया कि राजस्थान स्टेट ओलम्पिक संघ के निर्देशानुसार जालोर जिला ओलम्पिक संघ 23 जून को ओलम्पिक दिवस दौड, सांचोर में फुटबॉल खो-खो वॉलीबॉल रानीवाडा में एथलेटिक्स भीनमाल में कब्बड्डी सियाना और रायपुरिया में हॉकी जालोर में बास्केटबॉल कुश्ती मार्शल आर्ट सहित विभिन्न खेलों का आयोजन के साथ प्रत्येक आयु वर्ग के लिए फिटनेस और स्वास्थ्य अभियान, ओलंपिक मूल्यों पर सांस्कृतिक और शैक्षणिक सत्र, जिले के उत्कृष्ट एथलीटों और खिलाडियों के साथ बातचित कर उनका सम्मान एवं मार्गदर्शन किया जाएगा।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. राखी गुप्ता का स्वागत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली रोटरी क्लब में रविवार को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ राखी गुप्ता के पहुंचने पर रोटरी क्लब पाली के सदस्यों ने उनका बैंड बाजा के साथ स्वागत किया।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने रोटरी क्लब के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पूरे विश्व में 200 देश में रोटरी क्लब की शाखा और 14 लाख सदस्य है। राजस्थान में रोटरी क्लब वाटर कंजर्वेशन, एजुकेशन पर्यावरण हेल्थ आदि क्षेत्र में काम कर रही है। पाली रोटरी क्लब की सेवा क्षेत्र में अलग से पहचान है। पाली रोटरी क्लब शाखा में 1 साल में 51 ऐतिहासिक कार्य किया। देश की पहली रोटरी डिस्पेंसरी खोली, स्वरोजगार पर्यावरण संरक्षण के साथ जरूरतमंद मरीजों, मूक पशुओं की सेवा की।

बांगड़ अस्पताल में 25 लाख लागत की फेक्रो मशीन भेंट की। 50 सरकारी विद्यालय में टीवी लगे। बालिया स्कूल में प्याऊ का निर्माण, तीन गर्ल्स स्कूल में टॉयलेट निर्माण पर्यावरण क्षेत्र में कपड़े की थैलियां बांटना, 4 हजार पशुओ के रिफ्लेक्टर लगवाना, 8 हजार परिंडे लगाए, 50 महिलाओं को सिलाई मशीन, तीन चूड़ी लगाने की मशीन, वितरित की। जिससे महिला स्वालंबी होकर अपना रोजगार कर रही है। पूरे 1 साल तक कई ऐतिहासिक कार्य किया।

इस मौके पर अध्यक्ष तारा प्रकाश खंडेलवाल, सचिव वर्धमान भंडारी, असिस्टेंट गवर्नर राजकुमार मेड़तिया, पाली विधायक भीमराज भाटी, आगामी अध्यक्ष दिनेश चंद्र मेहता मौजूद रहे। इस अवसर पर रोटरी क्लब के दर्जनों सदस्य मौजूद रहे।

## चोरी का माल खरीदने का आरोपी गिरफ्तार

**जालोर**, (कासं)। जालोर कोतवाली पुलिस ने रविवार को चोरी का माल खरीदने के आरोपी को गिरफ्तार किया।

मोटाराम गोदारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जालोर एवं गौतम जैन वृताधिकारी, जालोर के सुपरविजन में अरविन्द कुमार नि.पु. थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली जालोर द्वारा गठित टीम रामुराम सउनि. मय जाब्ता ने 12 मई को ग्रेनाईट फैक्ट्री में हुई केबल चोरी के प्रकरण मे चुराये हुए सामान को खरीदने वाले आरोपी बलवीर भाई पुत्र मदनलाल खटीक उम्र 57 साल निवासी रामपुरा कॉलोनी जालोर, पुलिस थाना जालोर को कस्बा जालोर से दस्तीयाब कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी से प्रकरण मे मतलुब माल मसरूका नियमानुसार बरामद कर न्यायालय मे पेश किया गया।

पुलिस ने बताया कि सुरेश चौधरी ने रिपोर्ट दी कि उसकी ग्रेनाईट फैक्टी में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा केबल काटकर टैक्सी में भरकर ले गये, जिसपर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान रामुराम सउनि के हवाले किया गया।

# इंवेस्टमेंट के नाम पर 30 लाख की धोखाधड़ी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के बनाड़ क्षेत्र डिगाड़ी में रहने वाले एक युवक को यूएसडीटी में इंवेस्टमेंट के नाम पर 30 लाख रूपए हड़पने का मामला दर्ज हुआ है। पीड़ित ने भोपालगढ़ के एक युवक के खिलाफ इस बारे में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

बनाड़ थाने के एएसआई बिंजाराम ने बताया कि मूलत: भोपालगढ़ के बासनी सांदुआ हाल डिगाड़ी स्थित सरदारप विहार निवासी रतन सिंह चारण ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया गया है कि भोपालगढ़ का रहने वाला रवि गहलोत उसका परिचित है और दो साल पहले उसने बताया कि वह कमोडिटी यूएसडीटी का काम करता है और इंवेस्टमेंट करने पर अच्छा मुनाफा कमा सकता है। इसके झांसे में आए रतन सिंह ने यूएसडीटी में पैसा लगाना शुरू कर दिया। कुछ दिन तक तो उसे लाभांश मिलता रहा बाद में वह टालमटोल जवाब देता रहा। तकरीबन दो साल में उसने 30 लाख रूपए हड़प लिए और यूएसडीटी में इंवेस्ट की बात की। एएसआई बिंजाराम ने बताया कि प्रकरण दर्ज किया गया है। अठिाम जांच की जा रही है।

## गल्ले से रुपए पार

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के सालावास रोड स्थित एक किराणा दुकान में 29-30 मई की रात को अज्ञात चोर टिन शेड हटाकर एक लाख की नगदी चुरा ले गए। दुकानदार की तरफ से बासनी थाने में चोरी की रिपोर्ट दी गई है। फिलहाल पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान के साथ तलाश में जुटी है।

बासनी पुलिस ने बताया कि सालवास रोड बासनी द्वितीय चरण निवासी अशोक कुमार पुत्र नागरमल शर्मा ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसकी शिवम किराणा नाम से दुकान आई है। जहां पर 29-30 मई की रात में अज्ञात चोरों द्वारा टिन शेड हटाकर प्रवेश किया गया और गल्ले से एक लाख रूपए चुरा लिए गए। 30 की सुबह जब वह दुकान र आया तो चोरी का पता लगा। बासनी पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अब जांच आरंभ की है।

## दुकानदार पर केस

**जोधपुर**, (कासं)। बनाड़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल के सामने आई होटल पर पुलिस ने रेड दी। होटल से पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त बरामद कर दुकानदार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि मुखबिरी सूचना मिली कि गट्टानी अस्पताल के सामने आई होटल अन्ना हजारे टी स्टाल पर अवैध रूप से डोडा पोस्त बिकता है। इस पर एसआई राजूराम आदि वहां पहुंचे। तब पुलिस ने टी स्टॉल पर सर्च किया।

# अंतराष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता के लिये जालोर की छवि चौधरी व विहानराज रवाना



छवि चौधरी



विहानराज सक्सेना

**जालोर**, (कासं)। मास्को में 1 से 7 जून तक आयोजित होने वाली मास्को स्टार वुशू चैम्पियनशिप के लिए जालोर के दो खिलाडी शनिवार को रवाना हुए।

जिला वुशू संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने ने बताया कि जालोर की छवि चौधरी का चयन 75 किलो वजन वर्ग में व विहानराज सक्सेना का चयन 45 किलो वजन वर्ग में भारतीय वुशू टीम में हुआ है।

दोनों खिलाडी शनिवार को नई दिल्ली एयरपोर्ट से मास्को के लिए रवाना हुए। दोनों ही खिलाडी वीर विरमदेव स्पोर्ट्स एकेडमी में कोच प्रितम सिंह राठौड से नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। भारतीय वुशू टीम में जालोर के खिलाडियों का चयन होने पर राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, महासचिव ममता वर्मा, अंतर्राष्ट्रीय कोच राजेश कुमार टेलर, जिला वुशू संघ के संरक्षक दलपतसिंह आर्य, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, राजस्थान आर्य वीर दल के अधिष्ठाता विनोद आर्य,आर्य वीर दल जालोर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, संचालक प्रशांत सिंह, जिला खेल अधिकारी भरत सिंह गुर्जर, राष्ट्रीय निर्णायक ललित कुमार, जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल, वूशु कोच देवेश आर्य, गणपत लाल आर्य, मोहनलाल आर्य,खेलो इंडिया कोच इमरान अली सहित खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दी।


## कार्यालय उप वन संरक्षक वन्यजीव, जैसलमेर

### निविदा सूचनाएं 03/2025-26 से 06/2025-26

राजस्थान के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से राजकीय निर्माण विभागों में सिविल कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि इस वन मण्डल के अधीनस्थ रेंजो में निम्नानुसार कार्य करने हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है । जिसका विवरण निम्न प्रकार है -

| S.. NO | Name of Work | Estimate Qty and Unit | Cost (in Lac) | Security Deposit | Work Place | NIT No. | NIB Code | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चारागाह विकास नवीन क्लोजर बरना में खड्डा खोदकर आर. सी.सी. पोस्ट फिक्सिंग (स्थापित ) करना तराई सहित (As per G schedule) | As per G. Schedule | 4.95 | Rs. 9900 | Barna Closure Range WL, Myajlar | 03/2025-26 | FOR2526A0250 | FOR2526WSOB00335 |
| 2 | चारागाह विकास नवीन क्लोजर चौहानी में खड्डा खोदकर आर. सी.सी. पोस्ट फिक्सिंग (स्थापित) करना तराई सहित (As per G schedule) | | 4.12 | Rs. 8240 | Chauhani Closure Range WL, Myajlar | 04/2025-26 | FOR2526A0251 | FOR2526WSOB00336 |
| 3 | चारागाह विकास नवीन क्लोजर कनोई में आर. सी.सी. पोस्ट फिक्सिंग (स्थापित) करना तराई सहित (As per G schedule) | | 2.67 | Rs. 5340 | Kanoi Closure Range WL, Jaislmer | 05/2025-26 | FOR2526A0252 | FOR2526WSOB00337 |
| 4 | चारागाह विकास नवीन क्लोजर बरना में आर. सी.सी. पोस्ट फिक्सिंग (स्थापित) करना तराई सहित (As per G schedule) | | 1.88 | Rs. 3760 | Ganga A Closure Range WL, Jaislmer | 06/2025-26 | FOR2526A0253 | FOR2526WSOB00338 |

#### निविदा कार्यक्रम

| क.सं | निविदा प्राप्त करने की तिथि | निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|
| 1 | दिनांक 03.06.2025 दोपहर 01:00 बजे तक | दिनांक 03.06.2025 दोपहर 04:00 बजे |

निविदा से संबधित समस्त विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है । निविदा के विस्तृत नियम शर्ते एवं कार्य से संबधित मात्रा / संख्या एवं विशिष्टया आदि निविदा प्रपत्र में अंकित है ।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक
वन्यजीव जैसलमेर